जरीडीह में प्रदान चलाएगा कोरोना जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता

जैनामोड : जरीडीह प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को कोरोना जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ बीडीओ शशिभूषण वर्मा ने किया. जनजागरूकता कार्यक्रम अज़ीम प्रेमजी कल्याणकारी फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से प्रदान संस्था व तेजस्विनी महिला संघ, जरीडीह द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है. बीडीओ श्री वर्मा ने प्रदान एवं तेजस्विनी महिला संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह जागरूकता कार्यक्रम कोरोना वायरस के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।जिससे लोग सतर्कता बरतते हुए इसके संक्रमण से बच सकेंगे।कार्यक्रम के दौरान प्रदान के सौरव दत्ता, जुबा प्रतिम एवं सौरभ कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिये जरीडीह के सभी पंचायतों के सभी टोले-मुहल्ले में तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों से लोकगीतों एवं फ्लेक्स के माध्यम से जनमानस को कोरोना के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।जिससे समुदाय के लोग कोरोना को गंभीरता से लेते हुए इसके संक्रमण से खुद को और दूसरों को बचा सकेंगे।कार्यक्रम के दौरान सभी प्रखंडकर्मी सहित तेजस्विनी महिला संघ के शैलेन्द्र, रामकुमार एवं प्रदान के सदस्य उपस्थित रहे।